for assessment every year until they are found suitable for merit promotion. Enough time will be given to them for submitting supplementary information for the purpose.

डी० डी० ए० में प्रतिनियुक्ति पर आये व्यक्ति

22. **श्रीमती विद्यावती चतुर्वेदी :** क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली विकास प्राधिकरण मे प्रतिनियुक्ति पर कितने व्यक्ति कार्य कर रहे है और उनके ग्रेडों और पदनानों का पूरा ब्यौरा क्या है ,

(ख) क्या यह सच है कि बहुत मे कर्मचारी दिल्ली विकास प्राधिकरण मे प्रतिनियुक्ति की अवधि समाप्त हो जाने के बाद अभी भी कार्य कर रहे है जबकि नियमों के अनसार उन्हे मल कार्यालयों मे वापस भेजा जाना चाहिये ;

(ग) क्या यह सच है कि कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर लेने के परिणामस्वरूप विभाग की कुशलता बढ़ने के बजाय घट गई है और भ्रष्टाचार के बारे में बहुत सी शिकायतें भी आई है ; और

(घ) क्या सरकार का विचार इस बारे में वर्तमान नीति बदलने का है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मन्त्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) एक विवरण सभा पटल पर रखा है ।

(ख) जी, हां । दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि ये कर्मचारी लोक हित मे रोके गये है ।

(ग) जी, नही ।

(घ) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों की नियुक्ति के मामले में यह केन्द्रीय सरकार की नीति का अनुसरण करता है । दिल्ली विकास प्राधिकरण का इस नीति मे फिलहाल किसी प्रकार का परिवर्तन करने का विचार नही है ।

विवरण

दिल्ली विकास प्राधिकरण मे प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे व्यक्तियो के ब्यौरे :—

क्रम संख्या	पदनाम	वेतनमान	व्यक्तियों की संख्या
1.	उपाध्यक्ष	2500—2700 रुपये	1
2.	वित्त सदस्य	2250—2500 रुपये	1
3.	इंजीनियरी सदस्य	वही	1
4.	आयुक्त (योजना)	2000—2250 रुपये	1
5.	आयुक्त (भूमि)	1500—2000+विशेष वेतन 300 रुपये	1
6.	मुख्य इंजीनियर	1800—2000 रुपये (पी० आर०)	1

क्रम संख्या	पदनाम	वेतनमान	व्यक्तियों की संख्या
7.	अपर मुख्य इंजीनियर	1500—2000+विशेष वेतन 150 रुपये	1
8.	मुख्य परियोजना इंजीनियर	वही	1
9.	अधीक्षक इंजीनियर	1500—2000 रुपये	7
10.	मुख्य लेखाधिकारी	1500—2000 रुपये	1
11.	वित्त सलाहकार आवास	1200—2000 रुपये	1
12.	निदेशक (जे० जे०)	1200—2000 रुपये+विशेष वेतन 200 रुपये	1
13.	मुख्य विधि सलाहकार	1500—1800+विशेष वेतन 200 रुपये	1
14.	मुख्य सतर्कता अधिकारी	1500—1800 रुपये	1
15.	निदेशक	1300—1700 रुपये	3
16.	अध्यक्ष के सचिव	1300—1700 रुपये	1
17.	अपर सचिव	1200—1600 रुपये	1
18.	उप निदेशक	1100—1600 रुपये	14
19.	एल० ए० ओ० और उप निदेशक	1100—1600 रुपये	1
20.	कार्यपालक इंजीनियर	1100—1600 रुपये	7
21.	अर्थशास्त्री	1100—1600 रुपये	1
22.	उपसचिव	1100—1600 रुपये	1
23.	सहायक इंजीनियर	650—1200 रुपये	14
24.	लेखाधिकारी	840—1200 रुपये	19
25.	अधीक्षक विधि	550— 900 रुपये	1
26.	एस० ए० एस० लेखाकार	500— 900 रुपये	46
27.	कनिष्ठ इंजीनियर	425— 700 रुपये	17
28.	ड्राफ्टसमैन ग्रेड-I (सी०)	वही	13
29.	नायब तहसीलदार	वही	4
30.	प्रवर ग्रेड आडिटर	वही	72
31.	ड्राफ्टसमैन ग्रेड-II (सी०)	330— 560 रुपये	5
32.	आशुलिपिक	330— 700 रुपये	1
33.	उच्च श्रेणी लिपिक	330— 560 रुपये	74